तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल जज **गौरी शंकर** **बनाम** **लोक सूचना अधिकारी, (तहसीलदार जोधपुर)** सू.अ.अपील संख्या–ऑनलाईन अपील संख्या 353909390825718	न. व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
09/04/26	अपीलार्थी गौरी शंकर निवासी रामसागर बैरा, कुम रोड़, भदवासिया मगरा पुंजला, जोधपुर ने द्वारा लोक सूचना अधिकारी (तहसीलदार जोधपुर) को सूचना का अधिकार के तहत प्रार्थना पत्र दिनांक 09.01.2026 खसरा नम्बर 6 ग्राम पुंजला तहसील व जिला जोधपुर के प्रथम म्युटेशन किस दिनांक एवं किसके आदेश द्वारा भरा गया, खसरा संख्या 06 ग्राम पुंजला के जमाबंदी एवं वापी विक्रम सवत् 2013 से 2030 तक की सत्यापित प्रति व अन्य विविध सूचना के लिए प्रेषित किया गया तथा उक्त लोक सूचना अधिकारी द्वारा सूचना नहीं दी गई, जिससे व्यथित होकर यह अपील पेश हुई। अपील में रेस्पो. पक्ष लोक सूचना अधिकारी (तहसीलदार जोधपुर) को नियत सुनवाई तिथि को आवश्यक दस्तावेज सहित (तथ्यात्मक) उपस्थित होने एवं अपीलार्थी को सुनवाई तिथि हेतु आरटीआई पोर्टल के माध्यम से नोटिस जारी किया गया। हमने पत्रावली का अवलोकन किया। नियत सुनवाई तिथि पर रेस्पो. पक्ष अनुपस्थित एवं अपीलार्थी उपस्थित। रेस्पो. पक्ष लोक सूचना अधिकारी (तहसीलदार जोधपुर) से आदिनांक तक तथ्यात्मक रिपोर्ट प्राप्त नहीं हुई। अतः अपील स्वीकार की जाती है तथा लोक सूचना अधिकारी (तहसीलदार जोधपुर) को निर्देशित किया जाता है कि प्रार्थी द्वारा चाही गई सूचना 15 दिवस के भीतर नियमानुसार उपलब्ध करावे, अन्यथा नहीं दिये जाने के कारणों से प्रार्थी को अवगत कराया जावे। आदेश की प्रति संबंधित को सूचनार्थ एवं पालनार्थ प्रेषित हो। आदेश सुनाया गया। (आलोक रंजन) जिला कलक्टर, जोधपुर	

RajKaj Ref No.:
21511632
M e-Sign

Signature valid

Digitally signed by Alok Ranjan
Designation : Collector & District Magistrate
Date: 2026.04.09 23:28:21 IST
Reason: Approved